an>

Title: Need to establish a Sainik School in Meerut -laid.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** मेरठ पश्चिम उत्तर प्रदेश का हृदय स्थल है तथा प्रत्येक दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है । मेरठ छावनी देश की दूसरी सबसे बड़ी छावनी है । मेरठ तथा इसके निकटवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवकों के सेना में भर्ती होने की गौरवशाली परंपरा है । वित्त वर्ष 2021-22 के बजट प्रस्ताव में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव देश में 100 सैनिक स्कूलों की स्थापना का है । मेरठ की पृष्ठभूमि तथा महत्व को देखते हुए यहां एक सैनिक स्कूल की स्थापना अत्यंत आवश्यक है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरठ में एक सैनिक स्कूल खोलने की कृपा करें ।